"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 450] रायपुर बुधवार, दिनांक 25 अक्टूबर 2017 —— कार्तिक 3, शक 1939

विधी और विधायी कार्य विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 25 अक्टूबर 2017

अधिसूचना

क्रमांक 9805/3108/21-ब/न्यायिक/छ. ग./17. — छत्तीसगढ़ न्यायालयों की आदेशिकाओं की कूरियर, फैक्स एवं इलैक्ट्रॉनिक मेल सेवा के द्वारा तामिली (सिविल कार्यवाहियां) नियम, 2017 का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की धारा 122, 128 एवं 129 सहपठित आदेश 5 के नियम 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों एवं इस निमित्त समर्थकारी सभी अन्य शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए बनाना प्रस्तावित करती है, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय उक्त अधिनियम की धारा 122 द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार, उन समस्त व्यक्तियों, जिनके कि इससे प्रभावित होने की संभावना है, की जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है तथा एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पन्द्रह दिवस के अवसान के पश्चात् विचार किया जायेगा।

कोई आपत्ति या सुझाव, जो उक्त प्रारूप के संबंध में किसी व्यक्ति से विनिर्दिष्ट कालावधि के पूर्व, रजिस्ट्रार जनरल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बोदरी, बिलासपुर के कार्यालय में, कार्यालयीन समय में प्राप्त हो, पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विचार किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ न्यायालयों की आदेशिकाओं की कूरियर, फैक्स एवं इलैक्ट्रॉनिक मेल सेवा के द्वारा तामिली
(सिविल कार्यवाहियां) नियम, 2017

प्रारूप नियम

अध्याय-एक

सामान्य

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.-** (1) ये नियम छत्तीसगढ़ न्यायालयों की आदेशिकाओं की कूरियर, फैक्स एवं इलैक्ट्रॉनिक मेल सेवा के द्वारा तामिली (सिविल कार्यवाहियां) नियम, 2017 कहलायेंगे.

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा।

(3) ये नियम राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **उपयोजन.-** ये नियम, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अथवा किसी अधीनस्थ न्यायालय अथवा छत्तीसगढ़ राज्य में अधिकरण के समक्ष लम्बित वादों, रिट याचिकाओं,

आवेदन–पत्रों, अपीलों, पुनरीक्षणों अथवा पुनराविलोकनों को सम्मिलित करते हुए सभी सिविल कार्यवाहियों, पर लागू होंगे।

3. **परिभाषाएं**.– इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "**अनुमोदित कूरियर**" से अभिप्रेत है अनुमोदित कूरियरों के पैनल पर कूरियर;

(ख) "**मुख्य न्यायाधीश**" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश;

(ग) "**कोड**" से अभिप्रेत है सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5);

(घ) "**कूरियर**" से अभिप्रेत है डाक की वस्तुओं को सुपुर्दगी के व्यापार में लगे हुए, एक स्वत्वधारी संस्था, एक फर्म, एक कम्पनी अथवा एक निगमित निकाय;

(ङ) "**जिला न्यायाधीश**" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश;

(च) "**इलेक्ट्रानिक मेल**" से अभिप्रेत है कम्प्यूटर आधारित संसूचना तंत्र के माध्यम से इलेक्ट्रानिक रूप में संदेश (मेसेज) की विरचना करने, भेजने, रखने एवं प्राप्त करने वाली संग्रहण एवं अग्रेषण रीति;

(छ) "**इलेक्ट्रानिक मेल सेवा**" से अभिप्रेत है यथास्थिति, न्यायालय के पीठासीन अधिकारी या उच्च न्यायालय या जिला न्यायाधीश द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा डिजिटली हस्ताक्षरित इलेक्ट्रानिक मेल द्वारा प्री–डिजाईन्ड टेम्पलेट रूप में भेजा गया समन;

(ज) "**फैक्स**" (एक प्रतिरूप का संक्षिप्त रूप), प्रिंटर या किसी अन्य आउटपुट डिवाइस से किसी दूरभाष नम्बर पर, स्केन की गई मुद्रित सामग्री (पाठ्यभाग या आकृति) का दूरभाष पारेषण की प्रक्रिया है;

(झ) "**न्यायालय**" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अधिकरणों सहित छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर के सभी न्यायालय;

(ञ) "**डाक की वस्तुयें**" में सम्मिलित है '**न्यायालयीन समन तामील**' के लेबल के साथ अनुमोदित कूरियर को तामिली हेतु सौंपे गये न्यायालय के समन, नोटिस, दस्तावेज या अन्य संसूचना रखी हुई लिफाफा, पैकेट, पार्सल;

(ट) "**सुपुर्दगी का प्रमाण**" से अभिप्रेत है न्यायालय के समन/नोटिस या कोई अन्य संसूचना की तामिली के संबंध में, इन नियमों द्वारा विहित प्रारूप में, अनुमोदित कूरियर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट तथा इसमें सुपुर्दगी न होने का कारण सम्मिलित है;

(ठ) "**अनुशंसा समिति**" से अभिप्रेत है प्रस्तावित अनुमोदित कूरियर की पैनल तैयार करने के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा गठित समिति जिसमें रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय के एक अधिकारी जो संयुक्त रजिस्ट्रार की श्रेणी से निम्न न हो एवं छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा का एक अधिकारी सम्मिलित है;

(ड) "**रजिस्ट्रार जनरल**" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का रजिस्ट्रार जनरल।

अध्याय—दो
कूरियर का चयन एवं कूरियर द्वारा तामिली

4. **अनुमोदित कूरियर चयन करने की प्रक्रिया.**— (क) उच्च न्यायालय, ऐसे कूरियर, जो अनुमोदित कूरियर के रूप में चयनित होने हेतु इच्छुक हो, से ऐसे निबंधन एवं शर्तों, जैसा कि इन नियमों में एवं उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों एवं अनुदेशों में समय समय पर दी गई हो, ऐसे विनिर्दिष्ट कालावधि, जैसा कि अधिसूचना में दर्शित हो, के भीतर निविदा आमंत्रित करेगा। इन नियमों से संलग्न प्ररूप 'क' में यथासंभव निविदा जारी की जायेगी।

(ख) मुख्य न्यायाधीश, एक 'अनुशंसा समिति' गठित करेगा जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगेः—

(एक) रजिस्ट्रार जनरल, जो समिति का प्रमुख होगा;

(दो) एक अधिकारी जो संयुक्त रजिस्ट्रार की श्रेणी से निम्न न हो; तथा

(तीन) छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा का एक अधिकारी।

(ग) अनुशंसा समिति, निम्नलिखित पर विचार करते हुए सभी प्रस्तावित अनुमोदित कूरियर का पैनल तैयार करेगी,—

(एक) कूरियर की प्रतिष्ठा;

(दो) कूरियर का पूर्व रिकार्ड;

(तीन) कूरियर के संगठन की संरचना एवं उसका नेटवर्क जिसमें उसकी वित्तीय क्षमता एवं प्रास्थिति सम्मिलित है;

(चार) इच्छुक सेवा प्रदान करने हेतु कूरियर का अनुभव एवं क्षमता;

(पांच) इन नियमों में यथा वर्णित निबंधन एवं शर्तों के पालन करने की तत्परता; और

(छः) उच्च न्यायालय द्वारा वर्णित मापदण्ड पूरा करने की इच्छा।

(घ) (एक) अनुशंसा समिति, प्रस्तावित पैनल तैयार करने के पश्चात्, अनुमोदित कूरियर के पैनल के विचारण एवं अनुमोदन हेतु मुख्य न्यायाधीश के समक्ष उसे रखेगा। मुख्य न्यायाधीश, आवेदकों के सम्पूर्ण सूची के साथ साथ अनुमोदित कूरियर के प्रस्तावित पैनल का परीक्षण करेगा तथा उसके परीक्षण के पश्चात्, चयनित अनुमोदित कूरियर के अंतिम पैनल अधिसूचित करने हेतु समुचित निर्देश जारी करेगा।

(दो) रजिस्ट्रार जनरल, सभी अनुमोदित कूरियर को, उनको सूची में सम्मिलित करने के संबंध में संसूचित करेगा।

5. **कूरियर द्वारा अनुबंध एवं वचनपत्र.**— अनुमोदित कूरियर प्ररूप 'ख' में ऐसे परिवर्तन एवं उपान्तरण, जैसा कि आवश्यक पाया जाये, के साथ अनुबंध करेगा तथा निम्नलिखित का कथन करते हुए, रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष वचनबंध भी प्रस्तुत करेगा,—

(क) यह कि अनुमोदित कूरियर, छत्तीसगढ़ के किसी भी न्यायालय के समक्ष लंबित किसी मुकदमे में पक्षकार नहीं है तथा यदि इस प्रकार है तो उसका पूर्णतः प्रकटन करेगा;

(ख) यह कि अनुमोदित कूरियर, उसके द्वारा सुपुर्द की जाने वाली दस्तावेजों/वस्तुओं की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु पूर्णतः जवाबदेह होगा;

(ग) यह कि अनुमोदित कूरियर को सौंपी गई डाक की वस्तुयें, उसके नियमित कर्मचारियों, जो हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का युक्तियुक्त ज्ञान रखते हों, के द्वारा ही प्रबंध किया जायेगा;

(घ) यह कि अनुमोदित कूरियर, रजिस्ट्रार जनरल द्वारा अनुमोदित रूप में, अपना 'सुपुर्दगी का प्रमाण' रूपांकित करेगा;

(ङ) अनुमोदित कूरियर, 30 दिवस की कालावधि के भीतर न्यायालयों से अभिस्वीकृति के अध्यधीन, तामील आदेशिका के मामले में प्राप्तकर्ता के सुस्पष्ट हस्ताक्षर के साथ सुपुर्दगी का प्रमाण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगा अथवा तामील न की गयी आदेशिका के मामले में सुपाठ्य हस्तलेखन द्वारा उचित रिपोर्ट के साथ लिफाफा वापस करेगा। संबोधिती द्वारा इंकार किये जाने की दशा में, वस्तु लेने से इंकार करने वाले व्यक्ति का नाम एवं पद नाम या संबोधिती से उसके संबंध का, तामील न की गयी वस्तु पर स्पष्ट रूप से वर्णित किया जायेगा; तथा

(च) सुपुर्दगी का प्रमाण डाक का सुपुर्दगी लेने वाले व्यक्ति के शपथ पत्र से समर्थित होगा।

6. **अनुमोदित कूरियर के पैनल से कूरियर को हटाने की प्रक्रिया.–** (क) कूरियर का नाम पैनल से हटाये जाने का दायी होगा यदि,–

(एक) न्यायालय, जिसने समन जारी किया है अथवा जिसकी ओर से समन जारी किया गया है, प्रथम दृष्टया यह पाता है कि कूरियर को सौंपे गये डाक की वस्तु की सुपुर्दगी के लिये कूरियर द्वारा नियोजित व्यक्ति ने यथास्थिति, मिथ्या शपथ पत्र प्रस्तुत किया है या मिथ्या रिपोर्ट दिया है;

(दो) यह पाया जाता है कि वादियों, अधिवक्ताओं या न्यायालय की अपेक्षाओं के अनुसार कूरियर, सेवा उपलब्ध नहीं करा पा रहा है;

(तीन) यह पाया जाता है कि कूरियर, दोषयुक्त सेवा प्रदान कर रहा है;

(चार) यह पाया जाता है कि कूरियर ने आवेदन में मिथ्या कथन किया है; और

(पांच) यह पाया जाता है कि कूरियर ने कुछ ऐसा कारित किया है, जिसे पैनल से कूरियर को हटाने हेतु पर्याप्त आधार के रूप में समझा जा सकता है।

(ख) जैसे ही रजिस्ट्रार जनरल के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि कूरियर ने उपरोक्त खण्ड (क) के उल्लंघन में कार्य किया है अथवा उसकी जानकारी में यह लाया गया है कि उसने ऐसा कुछ किया है जो कूरियर को इस नियम के अधीन हटाये जाने हेतु दायी है तो वह उसके संबंध में जांच करेगा या इस संबंध में जांच करने हेतु किसी व्यक्ति को प्रतिनियुक्त करेगा। यदि रजिस्ट्रार जनरल निष्कर्ष पर पहुंचता है कि उसने ऐसा कुछ किया है जो उसे पैनल से हटाने हेतु दायी बनाता है तो वह कूरियर को, स्पष्टीकरण मागेंगे कि क्यों न उसे हटाया जाना चाहिये। रजिस्ट्रार जनरल, अपनी अनुशंसा के साथ हटाये जाने के लिये प्रस्तावित कूरियर से प्राप्त प्रतिउत्तर, यदि कोई हो, को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखेगा।

(ग) मुख्य न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल की अनुशंसाओं, कूरियर द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर, यदि कोई हो, का अध्ययन करने के पश्चात् तथा ऐसी और जांच करने पर जैसा कि मुख्य न्यायाधीश समुचित समझे, अनुमोदित कूरियर के पैनल से कूरियर को हटाने हेतु रजिस्ट्रार जनरल के अनुशंसा को अनुमोदित कर सकेगा या ऐसा आदेश पारित कर सकेगा या ऐसा निर्देश दे सकेगा जैसा कि मुख्य न्यायाधीश समुचित समझे।

(घ) मुख्य न्यायाधीश के द्वारा कूरियर को हटाने की अनुशंसा को अनुमोदित किये जाने के मामले में, कूरियर का नाम, अनुमोदित कूरियर के पैनल से हटाया जायेगा तथा रजिस्ट्रार जनरल उक्त कूरियर को तद्नुसार सूचित करेगा।

अध्याय—तीन
फैक्स द्वारा तामिली

7. **पक्षकार फैक्स नंबर उपलब्ध करायेंगे, यदि वे दूसरे पक्ष को फैक्स द्वारा तामील कराने के इच्छुक हों.**— यदि कोई पक्षकार, आदेशिका को फैक्स द्वारा भेजने का इच्छुक है, तो वह दूसरे पक्षकार जिसे फैक्स द्वारा तामील कराना चाहता है, का फैक्स नंबर उपलब्ध करायेगा।

8. **फैक्स के द्वारा भेजी जाने वाली आदेशिका में आदेशिका सहित फैक्स किये गये पृष्ठों की संख्या का लिखा जाना.**— फैक्स द्वारा भेजी जाने वाली आदेशिका में यह टीप होगी कि आदेशिका दस्तावेज सहित या उसके बिना, फैक्स द्वारा भेजी जा रही है। दस्तावेजों को भी फैक्स द्वारा भेजे जाने की स्थिति में आदेशिका पर भी पृष्ठों की संख्या उल्लिखित की जायेगी।

9. **फैक्स द्वारा भेजी गई आदेशिका की लागत को पक्षकार वहन करेंगे.**— यदि पक्षकार, फैक्स द्वारा आदेशिका भेजे जाने हेतु अनुमति देता है, तो ऐसा पक्षकार, आदेशिका एवं दस्तावेजों, यदि कोई हो, उसके साथ भेजने में आयी लागत को वहन करेगा। आदेशिका भेजने वाला पक्षकार, फैक्स द्वारा आदेशिका भेजने के समर्थन में शपथ पत्र के साथ किसी विलंब के बिना, न्यायालय को फैक्स भेजने की पावती प्रस्तुत करेगा।

10. **न्यायालय की सुविधा का उपयोग करते हुए फैक्स द्वारा भेजी गई आदेशिका/दस्तावेजों हेतु शुल्क.**— जहां उच्च न्यायालय द्वारा प्रदान की गई सुविधा के द्वारा दस्तावेजों के साथ या उसके बिना, भेजा जाना है, वहां पक्षकार को ऐसी दर पर शुल्क जमा करने के लिए कहा जायेगा, जैसा कि उसके लिए उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय द्वारा अवधारित किया जाये।

अध्याय—चार
इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा तामिली

11. **पक्षकारगण इलेक्ट्रानिक मेल पता उपलब्ध करायेंगे, यदि इलेक्ट्रानिक मेल द्वारा दूसरे पक्षकार को तामिल करने का इच्छुक है.**— इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा दूसरे पक्षकार

को आदेशिका भेजने का इच्छुक पक्षकार, दूसरे पक्षकार या पक्षकार जिसे इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा तामील कराना चाहता है, के समस्त दस्तावेजों की सत्य प्रति साफ्ट कापी तथा इलेक्ट्रानिक मेल पता उपलब्ध करायेगा। पक्षकार, यह कथन करते हुए न्यायालय में एक शपथपत्र प्रस्तुत करेगा कि उसके द्वारा दूसरे पक्षकार को दी गई इलेक्ट्रानिक मेल पता, उसकी सर्वोत्तम जानकारी में सही है।

12. **प्री–डिजाईन टेम्पलेट्स का उपयोग करते हुए डिजीटली हस्ताक्षरित आदेशिका को दी गई इलेक्ट्रानिक मेल पते पर भेजा जायेगा.–** यथास्थिति, न्यायालय के पीठासीन अधिकारी या उच्च न्यायालय या जिला न्यायाधीश द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा डिजीटली हस्ताक्षरित आदेशिका, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के परिशिष्ट ख में दिये गये प्रारूपों के अनुसार या न्यायालय द्वारा यथा निर्देशित प्ररूप में रूपांकित प्री–डिजाईन टेम्पलेट्स का उपयोग करते हुए, दी गई इलेक्ट्रानिक मेल पते में, दस्तावेजों की स्केन की गई आकृति के साथ, दूसरे पक्षकार को भेजा जायेगा। मेल का वापस आना, वैध तामील नहीं होगा।

13. **इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा आदेशिका/दस्तावेजों को भेजने के लिए शुल्क का जमा किया जाना.–** आदेशिका, पक्षकार द्वारा शुल्क ऐसी दर पर, जैसा कि इसके लिये उच्च न्यायालय द्वारा और जिला न्यायालयो द्वारा अवधारित किया जाये, जमा करने के पश्चात इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा भेजा जायेगा।

अध्याय–पांच
प्रकीर्ण

14. **साक्षियों को समन.–** इन नियमों के प्रावधान, साक्ष्य देने या दस्तावेजों या अन्य सारवान वस्तुयें प्रस्तुत करने हेतु समनों पर लागू होंगे।

15. **कार्यवाहियों के दौरान नोटिस या अन्य संसूचना.–** न्यायालय निर्देश दे सकता है कि वाद या किसी अन्तर्ववर्ती कार्यवाही के किसी भी पक्षकार को, नोटिस या कोई अन्य संसूचना कूरियर, फैक्स या इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा ऐसी रीति में और ऐसे प्रारूप में जैसा कि वह समुचित समझे, भेजा जाये। इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा भेजे गये ऐसे नोटिस या संसूचना को, न्यायालय द्वारा या इस निमित्त अधिकृत किसी भी अधिकारी द्वारा डिजीटली हस्ताक्षरित किया जायेगा।

16. **पक्षकार, फैक्स या इलेक्ट्रानिक मेल सेवा द्वारा तामील कराये जाने हेतु स्वेच्छा से आवेदन कर सकता है.–** मामले के विचारण के दौरान, वाद या अन्तर्ववर्ती कार्यवाही

का कोई भी पक्षकार, अपने फैक्स नम्बर या इलेक्ट्रानिक मेल पता या दोनों देते हुए लिखित में यह निवेदन करते हुए, आवेदन प्रस्तुत कर सकता है कि उनको न्यायालय की नोटिस या संहिता के अन्तर्गत किसी अन्य संसूचना को दिये गये फैक्स नम्बर या अभिहित इलेक्ट्रानिक मेल पते पर, तामील किया जाये उक्त नंबर या पते में भेजा गया कोई नोटिस या संसूचना, ऐसे पक्षकार पर ऐसे नोटिस या संसूचना की वैध तामील होगी।

17. **न्यायालय की शक्तियों की व्यावृत्ति.–** इन नियमों में दी गई कोई भी बात, संहिता या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में यथा उपबंधित समन या नोटिस या अन्य संसूचना की तामिली के संबंध में न्यायालय की शक्ति को सीमित या अन्यथा प्रभावित करने वाली नहीं समझी जायेगी।

रजिस्ट्रार जनरल,

प्ररूप 'क'
(देखिए नियम 4 (क))
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय

निविदा की अंतिम तिथिः–

क्र.:
दिनांकः

कूरियर सेवाओं हेतु
निविदा आमंत्रित करने की सूचना

न्यायालयों से प्रेषित पत्रों, नोटिस/समन, पार्सल आदि की सुपर्दगी के लिये, देश के प्रत्येक कोने–कोने में या भारत के बाहर, कूरियर सेवा हेतु अनुबंध करने के लिये कूरियर सेवा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त फर्म, कंपनी या अन्य निगमित निकाय से इससे संलग्न प्रारूप के अनुसार सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

ऐसे कूरियर को प्राथमिकता दी जायेगी जो ऐसी विशेषताएं रखते हों जैसे कि सुरक्षा, द्रुतगति, खोज, विशेषज्ञता एवं वैयक्तिक सेवा, निश्चित सुपुर्दगी समय एवं पूरे देश

में विस्तृत नेटवर्क, जिसमें दूरस्थ क्षेत्र के साथ साथ भारत के बाहर सेवा की पर्याप्त व्यवस्था सम्मिलित है।

निबंधन एवं शर्तें

1. निविदाकर्ता द्वारा अपने वर्तमान व्यवसाय, स्थायी पते, देश और भारत के बाहर पूर्ण नेटवर्किंग, पिछले तीन वर्षों के संपरीक्षित लेखे, कूरियर सेवाओं के क्षेत्र में अनुभव और प्रतिष्ठित/महत्वपूर्ण ग्राहकों की सूची और छत्तीसगढ़ में किसी न्यायालय के समक्ष लंबित वाद, जिसमें वह पक्षकार है, यदि कोई है, के बारे में विवरण, परिशिष्ट ''क'' के अनुसार अनिवार्यतः प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।
2. प्रत्येक लिफाफे पर (क) कूरियर सेवा हेतु निविदा, और (ख) कूरियर सेवाओं हेतु अग्रिम धन उपरिलिखित करते हुए, दो अलग अलग सीलबंद लिफाफे (एक) निविदा और (दो) अग्रिम धन प्रस्तुत करने हेतु उपयोग किया जाना चाहिये।
3. निविदाकर्ताओं से पूरे भारत और भारत के बाहर कूरियर सेवा प्रदान करने हेतु अपनी सबसे कम प्रतियोगी दरें उत्कथित करना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ के बाहर सुपुर्दगी एवं अन्य देशों में सुपुर्दगी के लिये अलग अलग दरें, स्थानीय (राज्य के भीतर) सुपुर्दगी के लिए उत्कथित की जाये।
4. कूरियर सेवाओं के लिये निविदाकर्ता द्वारा उत्कथित दरें, स्वीकृति की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के लिए वैध होनी चाहिये।
5. निविदाकर्ताओं द्वारा अपने निविदा के साथ साथ ''रजिस्ट्रार जनरल'', छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पक्ष में आहरित रू. 20,000 (बीस हजार रूपये मात्र) के डिमांड ड्राफ्ट अग्रिम राशि के रूप में भेजा जाना आवश्यक होगा, जो असफल निविदाकर्ताओं को इस संबंध में उनके लिखित अनुरोध पर वापस कर की जायेगी। फर्म का नाम, टेलीफोन नंबर और ''कूरियर सेवा'', डिमांड़ ड्राफ्ट के पीछे लिखी जाये।
6. सफल निविदाकर्ता को स्वीकृति पत्र की प्राप्ति की तारीख से एक सप्ताह के भीतर 20,000 रूपये जो उसने अग्रिम राशि के रूप में निविदा के साथ पहले से ही जमा किये थे, का समायोजन करने के पश्चात निष्पादन सुरक्षा प्रतिभूति के रूप में रू. 40,000 (चालीस हजार रूपये मात्र) जमा करना पड़ेगा, जिसे अनुबंधित कालावधि के सफलतापूर्वक पूरा होने पर तथा अंतिम देयक के भुगतान से दो माह के पश्चात्, वापस कर दिया जायेगा।

7. पत्रों, नोटिस/समन/पार्सल की संख्या में, आवश्यकताओं/अपेक्षाओं के आधार पर कमी/वृद्धि हो सकती है और समस्त पत्रों, नोटिस/समन/पार्सल को कूरियर के माध्यम से अनिवार्यतः नहीं भेजा जा सकेगा।
8. कूरियर, उनके द्वारा सुपुर्द किये जाने वाले दस्तावेजों/सामानों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अकेले ही उत्तरदायी होगा।
9. किये गये कार्य की राशि का भुगतान, सुपुर्दगी के प्रमाण प्रस्तुत करने या इस न्यायालय को लिफाफा वापस किये जाने के अध्यधीन रहते हुए, देयक की प्रस्तुति के पश्चात्, मासिक आधार पर किया जायेगा।
10. सेवा प्रदाता, 30 दिवस की कालावधि के भीतर न्यायालयों से अभिस्वीकृति के अध्यधीन, तामील आदेशिका के मामले में प्राप्तकर्ता के सुस्पष्ट हस्ताक्षर के साथ सुपुर्दगी का प्रमाण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगा अथवा तामील न किये गये आदेशिका के मामले में सुपाठ्य हस्तलेखन द्वारा उचित रिपोर्ट के साथ लिफाफा वापस करेगा। संबोधिती द्वारा इंकार किये जाने की दशा में, वस्तु लेने से इंकार करने वाले व्यक्ति का नाम एवं पद नाम या संबोधिती से उसके संबंध का, तामील न किये गये वस्तु पर स्पष्ट रूप से वर्णित किया जायेगा।
11. सुपुर्दगी किये जाने के प्रमाण को, उस व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा जिसने डाक सुपुर्द किया था और साथ ही न्यायालय परिसर में अवस्थित काऊंटर पर कूरियर के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर भी किया जायेगा।
12. न्यायालय परिसर में कूरियर काउंटर के प्रबंधन के लिये नियुक्त उत्तरदायी अधिकारी, डाक वस्तु की तामील के पश्चात् वापस किये गये प्रत्येक सुपुर्दगी के प्रमाण के साथ डाक वस्तु की तामील के समर्थन में या इसकी सुपुर्दगी न हो सकने की दशा में, जैसे भी स्थिति हो, रजिस्ट्रार जनरल के द्वारा अनुमोदित प्ररूप में अपना शपथपत्र प्रस्तजुत करेगा।
13. सेवा प्रदाता को प्रभार नहीं दिया जायेगा, यदि उसके द्वारा न तो सुपुर्दगी का प्रमाण और न ही तामील न किये गये पत्र, नोटिस/समन या पार्सल को इस न्यायालय को अभिस्वीकृति के अधीन नियत अवधि के भीतर वापस कर दिया जाता है एवं/या वैध कारण के बिना, नियत अवधि के भीतर सुपुर्दगी नहीं की जाती है।
14. कूरियर के उपर, प्रत्येक परेषण हेतु जिसके लिये न तो सुपुर्दगी का संतोषजनक प्रमाण और न ही वापस आया हुआ लिफाफा प्रेषण की तिथि से 30 दिवस के भीतर

इस न्यायालय को वापस दिया जाता है तो उसके लिये कूरियर पर रू. 25 का जुर्माना किया जायेगा एवं उक्त राशि वर्तमान या आने वाले मास के देयक/प्रतिभूति जमा में से घटा दी जायेगी।

15. कूरियर को इस न्यायालय की अधीन प्रेषण/स्थापना अनुभाग से अभिस्वीकृति के अधीन लिफाफों को संग्रह करना पड़ेगा एवं सुपुर्दगी का प्रमाण/तामील न हुए लिफाफों को देना पड़ेगा।
16. सेवा प्रदाता को, सभी लिफाफों/पत्रों/पार्सलों इत्यादि को सुपुर्द करने के लिये आवश्यक रूप से स्वीकार करना पड़ेगा जिन पर संबंधित रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की राय में प्रेषिती का यथोचित पता लिखा है। रजिस्ट्री, सीधे निविदाकर्ताओं से संव्यवहार करेगी एवं निविदाकर्ताओं के द्वारा उनके मामले का प्रतिनिधित्व करने के लिये मध्यस्थों/अभिकर्ताओं/कमीशन अभिकर्ताओं इत्यादि को नहीं कहा जाना चाहिये तथा वे रजिस्ट्री के द्वारा ग्रहण नहीं किये जायेंगे।
17. रजिस्ट्री, किसी अथवा सभी निविदाओं को इस हेतु बिना कोई कारण बताये पूर्णतः या अंशतः अस्वीकार करने अथवा स्वीकार करने का अधिकार रखती है।
18. अक्षरों के लिप्त लेखन, लिप्त टंकण एवं मिटाने की अनुमति नहीं है और यदि इस प्रकार संदेहजनक अथवा संदिग्ध प्रतीत होता है तो वह निविदा को अवैध बना देगा।
19. उच्च न्यायालय, उक्त संविदा को प्रदान करने के पश्चात् भी, यदि संविदाकार की सेवायें संतोषजनक नहीं पाई जाती है अथवा किसी दी गई अवधि के दौरान खण्ड 14 से आच्छादित मामलों का असाधारण रूप से अधिक होना पाया जात है अथवा सेवा में कमी की दशा में उक्त संविदा को समाप्त करने तथा कार्य को किसी अन्य संविदाकार को सौंपने एवं संविदाकार जिसने व्यतिक्रम कारित किया है निविदा के पूरे खर्चों की वसूली करने का अधिकार आरक्षित रखता है।
20. उच्च न्यायालय, संविदा को समाप्त करने का अधिकार आरक्षित रखता है, यदि वह किन्हीं प्रशासनिक कारणों से भी ऐसा आवश्यक समझता है। इच्छुक पक्षकारगण अपनी सीलबंद लिफाफों में, जिनमें से एक निविदा को प्रस्तुत करने एवं एक अन्य अग्रिम राशि को रखने हेतु, प्रत्येक लिफाफे के उपर (एक) कूरियर सेवाओं के लिये निविदा और (दो) कूरियर सेवाओं के लिये अग्रिम राशि उपरिलिखित करके अधोहस्ताक्षरी को नाम के द्वारा संबोधित करके इस प्रकार भेज दे जिससे वह दिनांक ....समय .... अपरान्ह तक अथवा उससे पहले पहुंच जाये जिनको इस उद्देश्य के लिये गठित

अनुशंसा समिति के द्वारा उसी दिन कक्ष क्रमांक .... में समय ....अपरान्ह को निविदाकर्ताओं या उसके अधिकृत प्रतिनिधियों जो उपस्थित रहने के इच्छुक हों, के समक्ष खोला जायेगा। नियत तिथि एवं/या समय के पश्चात् एवं/या बिना अग्रिम राशि के प्राप्त हुई निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

परिशिष्ट 'क'

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय

क्र.:

दिनांकः

प्रारूप

कूरियर सेवाओं के लिये निविदा आमंत्रित करते हुए नोटिस के संदर्भ में निविदाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत करने हेतु

1. कूरियर सेवा का नामः
2. पत्र व्यवहार का पताः
3. सम्पर्क हेतु व्यक्ति के नाम के साथ उसका मोबाईल/दूरभाष संख्याः
4. स्थायी पता :
5. छत्तीसगढ़ में किसी भी न्यायालय में लंबित वाद जिसमें वह पक्षकार है, यदि कोई हो, का विवरणः
6. देश में और भारत के बाहर अपनी समस्त स्थापनाओं/ कार्यालयों के नाम एवं पते सहित संपर्क हेतु व्यक्तियों के नाम एवं दूरभाष संख्या और प्रत्येक स्थापना/ कार्यालय में कर्मचारी की कुल संख्याः
7. वह अवधि जब से आप कूरियर सेवाये कर रहे हैं:
8. क्या पत्रों, नोटिसों/समनों, पार्सलों इत्यादि भारत के भीतर और भारत के बाहर सुदूर/दूरस्थ क्षेत्रों में सुपुर्दगी करने में सक्षम हैं:
9. पत्रों, नोटिसों/समनों, पार्सलों इत्यादि की सुपुर्दगी के लिये न्यूनतम एवं अधिकतम अपेक्षित समयः
10. नीचे दिये गये प्रारूप के अनुसार अपने प्रतियोगी दरों को अनिवार्य रूप से उत्कथित करें (सेवा कर एवं शिक्षा उपकर को अपवर्जित करते हुए):

स. क.	गंतव्य	250 ग्राम तक	500 ग्राम तक	500 ग्राम से अधिक
1.	छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर			
2.	मध्यप्रदेश			
3.	ओड़िसा			
4.	महाराष्ट्र			
5.	तेलांगाना			
6.	झारखंड			
7.	शेष भारत			
8.	भारत के बाहर			

हस्ताक्षर..........................

(तारीख सहित)...............

नाम ....

पदनाम ....

(कंपनी का रबर स्टाम्प)

प्ररूप 'ख'
(देखिए नियम 5)
अनुबंध

यह अनुबंध छत्तीसगढ़ में सन् 2017 के माह.......... के दिवस ....को मेसर्स.......... (जो इसमें इसके पश्चात् ''कूरियर'' कहा जायेगा) जो अभिव्यक्ति में, जब तक कि संदर्भ से अपवर्जित अथवा प्रतिकूल न हो, इस् एक पक्ष के उत्तराधिकारियों एवं समनुदेशितियों को सम्मिलित करेगी एवं रजिस्ट्रार जनरल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बोदरी, बिलासपुर (जो इसमें इसके पश्चात् उच्च न्यायालय कहा जायेगा) जो अभिव्यक्ति में, जब तक कि संदर्भ से अपवर्जित अथवा प्रतिकूल न हो, इस दूसरे पक्ष के उत्तराधिकारियों एवं समनुदेशितियों को सम्मिलित करेगी।

और यतः, दिनांक .... के .... समाचार पत्र में निविदा नोटिस के संक्षिप्त प्रकाशन के अनुसरण में एवं निविदाकताओं द्वारा न्यायालयों से देश के भिन्न भिन्न भागों, दूरवर्ती क्षेत्रों तथा भारत के बाहर को सम्मिलित करते हुए प्रेषित किये जाने वाले

पत्रों, नोटिसों, समनो, पैकेटों इत्यादि की सुपुर्दगी हेतु कूरियर सेवाओं हेतु संविदा प्रदान करने के लिये निविदायें आमंत्रित करने वाले विस्तृत निविदा सूचना दिनांक ....की प्रतिलिपि की प्राप्ति पर कूरियर ने उच्च न्यायालय में, कूरियर सेवायें प्रदान करने हेतु अपनी निविदा दिनांक ....प्रस्तुत की है। कूरियर ने विहित निदर्शन पत्र पर विधिवत उत्तर देकर एवं हस्ताक्षरित करके तथा अपनी कूरियर सेवाओं की दर सूची भी प्रस्तुत की है जो कि इस अनुबंध पत्र (परिशिष्ट–1) (जो इसमें इसके पश्चात् "निविदा" के रूप में सामूहिक रूप से निर्दिष्ट है) का आवश्यक भाग होंगे तथा जहां तक कि निविदा की निबंधन और शर्तों का इस अनुबंध में उपवर्णित निबंधन एवं शर्तों से विरोधाभास नहीं होता है, कूरियर पर बंधनकारी रहेगी।

और यतः, कूरियर को कार्य के लिये उपयुक्त पाये जाने पर एवं दरों का अनुमोदन किये जाने के पश्चात् न्यायालयों से दूरस्थ एवं भारत के बाहर के क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए देश के विभिन्न भागों को प्रेषित किये गये पत्रों, नोटिसों, समनों, पार्सलों इत्यादि की सुपुर्दगी हेतु कूरियर सेवाओं हेतु संविदा प्रदान की जा रही है।

और यतः, इसके पक्षकारगण उक्त कार्य को इसमें इसके पश्चात् दी गई रीति से करने के लिये इस अनुबंध पर सहमत हुए हैं।

<u>अतएव, यह अनुबंध साक्ष्य स्वरूप निम्नानुसार हैः</u>

यह कि कूरियर, सत्यतापूर्वक एवं सदभावपूर्वक वचनबद्ध करेगा एवं उच्च न्यायालय / जिला न्यायालय से दूरस्थ क्षेत्रों एवं भारत के बाहर के क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए देश के विभिन्न भागों को प्रेषित किये गये पत्रों, नोटिसों, समनों, पार्सलों इत्यादि की सुपुर्दगी के लिए कूरियर सेवाओं के कार्य को पूर्ण करेगा।

यह कि कार्य को रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय अथवा समय समय पर प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी के द्वारा दिये गये निर्देशों एवं निविदा के अनुसार करना होगा एवं शेष विशिष्टियां निम्नानुसार वर्णित हैः

1. कूरियर को स्वीकृति पत्र की प्राप्ति की तिथि से एक सप्ताह के भीतर, पहले से निविदा के साथ अग्रिम धन के रूप में जमा राशि रूपये 20,000/–(रूपये बीस हजार मात्र) के समायोजन के पश्चात् रूपये 40,000/– (रूपये चालीस हजार मात्र) निष्पादन प्रतिभूति जमा के रूप में जमा करने पड़ेंगे जो संविदा अवधि के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर एवं अंतिम देयक के भुगतान के दो माह के पश्चात् वापस कर दिया जायेगा।

2. पत्रों, नोटिसों, समनों, पार्सलों की संख्या में, आवश्यकताओं/अपेक्षाओं के आधार पर कमी या वृद्धि हो सकती है एवं समस्त पत्रों/ नोटिसों/समनों/पार्सलों को आवश्यक रूप से कूरियर के माध्यम से नहीं भेजा जा सकेगा।
3. सेवा प्रदाता उसके द्वारा सुपुर्द किये जाने वाले अभिलेखों/सामग्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु अकेले ही उत्तरदायी होगा।
4. किये गये कार्य की राशि का भुगतान निम्नांकित दरों पर तथा सहायक रजिस्ट्रार/उप रजिस्ट्रार (जनरल) के द्वारा विधिवत प्रमाणित मासिक देयक के आधार पर सुपुर्दगी के प्रमाण अथवा वापस आये हुए लिफाफे को उच्च न्यायालय को प्रस्तुत कर देने के अध्यधीन रहते हुए देयक के प्रस्तुतीकरण के पश्चात् किया जायेगाः—

स. क्र.	गंतव्य	250 ग्राम तक	500 ग्राम तक	500 ग्राम से अधिक
1.	छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर			
2.	मध्यप्रदेश			
3.	ओड़िसा			
4.	महाराष्ट्र			
5.	तेलांगाना			
6.	झारखंड			
7.	शेष भारत			
8.	भारत के बाहर			

5. कूरियर, 30 दिवस की कालावधि के भीतर रजिस्ट्री से अभिस्वीकृति के अध्यधीन, तामील आदेशिका के मामले में प्राप्तकर्ता के सुस्पष्ट हस्ताक्षर के साथ सुपुर्दगी का प्रमाण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगा अथवा तामील न किये गये आदेशिका के मामले में सुपाठ्य हस्तलेखन द्वारा उचित रिपोर्ट के साथ लिफाफा वापस करेगा। संबोधिती द्वारा इंकार किये जाने की दशा में, वस्तु लेने से इंकार करने वाले व्यक्ति का नाम एवं पद नाम या संबोधिती से उसके संबंध का, तामील न किये गये वस्तु पर स्पष्ट रूप से वर्णित किया जायेगा।

6. सुपुर्दगी का प्रमाण, डाक का सुपुर्दगी लेने वाले व्यक्ति के शपथ पत्र से समर्थित होगा।
7. कूरियर को प्रभार नहीं दिया जायेगा, यदि उसके द्वारा न तो सुपुर्दगी का प्रमाण और न ही तामील न किये गये पत्र, नोटिस/समन या पार्सल को न्यायालयों को अभिस्वीकृति के अधीन नियत अवधि के भीतर वापस कर दिया जाता है एवं/या वैध कारण के बिना, नियत अवधि के भीतर सुपुर्दगी नहीं की जाती है।
8. कूरियर के ऊपर प्रत्येक परेषण हेतु जिसके लिए न तो सुपुर्दगी का सन्तोषजनक प्रमाण और न ही वापिस आया हुआ लिफाफा प्रेषण की तिथि से 30 दिवसों के भीतर न्यायालयों को वापिस कर दिया जाता है तो उसके लिये कूरियर पर रू 25/– की जुर्माना किया जायेगा एवं यह राशि वर्तमान अथवा आने वाले मास के देयक प्रतिभूति जमा में से घटा दी जायेगी।
9. कूरियर उच्च न्यायालय को प्रेषण/स्थापना शाखा से अभिस्वीकृति के अधीन लिफाफों को संग्रह करेगा एवं सुपुर्दगी का प्रमाण/तामील न हुए लिफाफों को देगा।
10. कूरियर को सभी लिफाफों/पत्रों/पार्सलों इत्यादि को सुपुर्द करने के लिये आवश्यक रूप से स्वीकार करना पड़ेगा जिन पर संबंधित रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की राय में प्रेषिती का यथोचित पता लिखा हुआ है। रजिस्ट्री, कूरियर से सीधे ही संव्यवहार करेगी एवं कूरियर के द्वारा उसके मामले का प्रतिनिधित्व करने के लिये मध्यस्थों/अभिकर्ताओं/कमीशन अभिकर्ताओं इत्यादि को नहीं कहा जायेगा तथा ये, रजिस्ट्री के द्वारा ग्रहण नहीं किये जायेंगे।
11. उच्च न्यायालय, यदि कूरियर की सेवायें संतोषजनक नहीं पायी जाती है अथवा किसी दी गई अवधि के दौऱान खण्ड 8 से आच्छादित मामलों का असाधारण रूप से अधिक होना पाया जाता है अथवा सेवा में कमी की दशा में, उक्त संविदा को समाप्त करने तथा कार्य को किसी अन्य संविदाकार को सौंपने एवं संविदाकार, जिसने व्यक्तिक्रम कारित किया है, से निविदा के पूरे खर्चों की वसूली करने का अधिकार आरक्षित रखता है।
12. उच्च न्यायालय, संविदा को समाप्त करने का अधिकार आरक्षित रखता है यदि वह किन्हीं प्रशासनिक कारणों से ऐसा करना आवश्यक समझता है।

13. निविदा नोटिस में उल्लिखित निबंधन एवं शर्तों तथा इस संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा बनाये गये नियम, इस अनुबंध पत्र का आवश्यक भाग होगा।

इसके साक्ष्यस्वरूप पक्षकारों ने उपरोक्त लिखित तिथि को इस अनुबंध पत्र को निष्पादित कर दिया गया है।

साक्षीगणः—

1. (प्रथम पक्षकार के हस्ताक्षर)
2. (द्वितीय पक्षकार के हस्ताक्षर)

परिशिष्ट'X'

नियम 10 के अधीन फैक्स सुविधा के माध्यम से आदेशिका की तामीली हेतु प्रभार

स्थानीय : रू. 10/— प्रति पृष्ठ

एसटीडी : रू. 10/— प्रति पृष्ठ + एसटीडी प्रभार

नियम 13 के अधीन ई—मेल सुविधा के माध्यम से आदेशिका की तामीली हेतु प्रभार

प्रति आदेशिका : रू. 10/— दस व्यक्ति, जिसको आदेशिक भेजा जाना है

आदेशिका की तामीली के प्रयोजन हेतु दस्तावेजो के स्केन करने हेतु प्रभार

ई—मेल सुविधा के माध्यम से : रू. 10/—

उच्च न्यायालय के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(गौतम चौरड़ियां)
रजिस्ट्रार जनरल,
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय,
बिलासपुर (छ. ग.)

Naya Raipur, the 25th October 2017

NOTIFICATION

No. 9805/3108/21-ब/न्यायिक/छ.ग./17. —— The following draft of the Chhattisgarh Courts Services of Processes by Courier, Fax and Electronic Mail Service (Civil Proceedings) Rules, 2017, which the High Court of Chhattisgarh, with the prior approval of the State Government, proposes to make in exercise of the powers conferred Section 122, 128 and 129 read with rule 9 of Order 5 of the Code of Civil Procedure, 1908 (5 of 1908) and all other powers enabling it in this behalf, the High Court of Chhattisgarh is hereby, published as required by Section 122 of the said Act, for information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft shall be taken into consideration after expiry of fifteen days from the date of publication of this notification in the Offcial Gazette :

Any objection or suggestions regarding the said draft received from any person before the specified period during office hours in the Office of Registrar General, High Court of Chhattisgarh, Bodri, Bilaspur shall be considered by the High Court of Chhattisgarh.

CHHATTISGARH COURTS SERVICE OF PROCESSES BY COURIER, FAX AND ELECTRONIC MAIL SERVICE (CIVIL PROCEEDINGS) RULES, 2017,

DRAFT RULES

CHAPTER-I

GENERAL

1. **Short title, extent and commencement**.- (1) These rules may be called the Chhattisgarh Courts Services of Processes by Courier, Fax and Electronic Mail Service (Civil Proceedings) Rules, 2017.

   (2) It shall extend to the whole State of Chhattisgarh.

   (3) It shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Application**.- These rules shall apply to, all civil proceedings including Suits, Writ Petitions, Applications, Appeals, Revisions or Reviews pending before the High Court of Chhattisgarh or any Sub-ordinate Court or Tribunal in the State of Chhattisgarh.

3. **Definitions**.- In these rules, unless the context otherwise requires,-

   (a) "Approved Courier" means the Courier on the panel of Approved Couriers;

(b) "**Chief Justice**" means the Chief Justice or the Acting Chief Justice of the High Court of Chhattisgarh;

